सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 43 | इंदौर, शुक्रवार 18 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Delhi: दिल्ली-पुणे फ्लाइट में बम की अफवाह, तलाशी में नहीं मिला संदिग्ध सामान; एहतियातन यात्रियों को उतारा गया

2. Bihar: दिनदहाड़े पत्रकार की हत्या, अपराधियों ने घर से बाहर बुलाकर मारी गोली; सरपंच मर्डर केस के गवाह थे

3. Manipur: मणिपुर में ताजा हिंसा में तीन लोगों की मौत, उग्रवादियों ने गांव पर किया हमला

4. Caste Census: सुप्रीम कोर्ट में जातीय गणना पर सुनवाई आज; पटना हाईकोर्ट के फैसले को लेकर याचिकाकर्ता देंगे दलील

5. Uttarakhand Weather: चमोली में फटा बादल, दरके पहाड़, नदियों का विकराल रूप देख सहमे लोग

## मप्र के खंडवा में कार और ट्रक की टक्कर में

# पांच लोगों की मौत

### रात में पुनासा के पास हुई दुर्घटना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। खंडवा जिले में पुनासा के निकट सनावद मार्ग पर दौलतपुरा फ़ाटे के पास रात्री करीब दो बजे ट्रक और कार के बीच टक्कर हो गई। इसमें पांच युवकों की मौत हो गई। मरने वाले पांचों युवक कसरावद तहसील के रहने वाले हैं। व्यवसायिक कार्य के सिलसिले में गुरुवार को पुनासा आए थे। रात में लौटते समय यह हादसा हो गया। घटना में कार बुरी तरह पिचकने से शवों को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



पुनासा चौकी अंतर्गत दौलतपुरा फाटे पर कार क्रमांक एमपी 09 डब्लूजी 0293 सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। कार में पांच युवक सवार थे। इनमें 40 वर्षीय भारत पुत्र चिंताराम निवासी काकरिया थाना कसरावद, 36 वर्षीय अलकेश पुत्र तुलसीराम निवासी दोंगांवा थाना कसरावद, 26 वर्षीय मनीष पुत्र ताराचंद वर्मा निवासी दोंगांवा थाना, 36 वर्षीय पुखराज पुत्र चरणदास नामदेव निवासी दोंगावा और 23 वर्षीय आदित्य पुत्र अमित शर्मा निवासी राम मंदिर चौक कसरावद की मौके पर ही मौत हो गई है।

दुर्घटना की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है पुलिस और ग्रामीणों की मदद से शवों को रात में पुनासा अस्पताल भेजा गया। शुक्रवार सुबह युवकों के स्वजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कर शवों को कसरावद रवाना कर दिया गया है। पुनासा पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## मप्र में 50% कमीशन वाला एक और लेटर

# ठेकेदार का चीफ जस्टिस को पत्र, कहा घोटाले का शिकार हूं, कमलनाथ बोले-एक और FIR कराइए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल/ रीवा। मध्यप्रदेश में 50 फीसदी कमीशन मांगने का एक और लेटर सामने आया है। इस बार रीवा के पेटी कॉन्ट्रैक्टर संगठन ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखा है। 14 अगस्त को लिखा गया पत्र अब सामने आया है। इस पर पीसीसी चीफ कमलनाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री व भाजपा नेताओं को 50% कमीशन के सबूत चाहिए थे। आप लोगों के डर से ज्ञानेंद्र अवस्थी सामने नहीं आया था, लेकिन पीयूष पांडेय किसी भी मंच पर 50% कमीशन के आरोपों पर बात करने के लिए तैयार है। अब जाइए और जाकर फिर से मेरे और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एक और एफआईआर करवाइए।

**गौशाल पेटी कॉन्ट्रैक्टर संगठन की ओर से लिखा गया लेटर-** पत्र में संगठन की ओर से रीवा के रहने वाले पीयूष पांडे ने आरोप लगाया कि रीवा समेत दूसरे जिलों में गौशाला निर्माण में घोटाला किया गया है। मनरेगा के तहत बनने वाली गौशालाओं का काम अफसरों से साठगांठ कर बाहरी लोगों को दिया गया। उन्होंने पेटी कॉन्ट्रैक्टर से काम करवाया। उनका भुगतान भी नहीं किया। कहा गया कि 50 फीसदी रुपए कमीशन के काट लिए गए। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, सांसद, कमिश्नर, कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ से करने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। इस संबंध में रीवा जिला कोर्ट में भी याचिका दायर की गई है।

### प्रियंका गांधी ने ट्वीट में ये लिखा था

प्रियंका गांधी ने शुक्रवार शाम ट्वीट किया था। इसमें लिखा, 'मध्यप्रदेश में ठेकेदारों के संघ ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिकायत की है कि प्रदेश में 50% कमीशन देने पर ही भुगतान मिलता है। कर्नाटक में भ्रष्ट BJP सरकार 40% कमीशन की वसूली करती थी। मध्यप्रदेश में BJP भ्रष्टाचार का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर आगे निकल गई है। कर्नाटक की जनता ने 40% कमीशन वाली सरकार को बाहर किया, अब मध्यप्रदेश की जनता 50% कमीशन वाली भाजपा सरकार को सत्ता से हटाएगी।'

कांग्रेस नेताओं ने पत्र जारी करके प्रदेश की बीजेपी सरकार पर 50% कमीशन वाली सरकार होने का आरोप लगाया था। भोपाल और इंदौर समेत 41 जिलों में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव और जयराम रमेश के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी।

# संभाग के सभी छात्रावास और आश्रमों को बनाएं उत्कृष्ट

## संभागायुक्त ने स्कूल शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संभागायुक्त श्री मालसिंह ने आज स्कूल शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि इंदौर संभाग के सभी छात्रावासों आश्रमों को उत्कृष्ट बनाया जाए। इन सभी छात्रावासों, आश्रमों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उत्कृष्ट स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि वर्तमान में स्थिति में सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वे निरीक्षण करेंगे और अगर स्थिति खराब मिली तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।**

कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संभाग के सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित सभी संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित थे। वही इस मीटिंग से संभाग के सभी जिलों के ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी गूगल मीट के माध्यम से जुड़े थे। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के



दौरान संभागायुक्त श्री मालसिंह ने अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए मुहिम चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस एक पावन तिथि है और इस दिन तक सभी विद्यालयों में रिक्त पदों की प्रतिपूर्ति कर ली जाए। इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी गंभीर प्रयास करें। श्री मालसिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर उन शिक्षकों का सम्मान किया जाए जो पूर्ण समर्पण और उत्कृष्ट कर्तव्य भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। विद्यालयों के परिणामों की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने इसे संतोषजनक नहीं पाया और कहा कि सभी शिक्षक अपने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देवें।

बैठक में संभागायुक्त श्री मालसिंह ने आश्रमों और छात्रावासों को उत्कृष्ट बनाने के संबंध में पावर पॉइंट द्वारा प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि वार्डन साफ-सफाई, परिधान, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं के प्रति सचेत रहें। उन्होंने कहा कि दूर दराज के गांवों से माता-पिता अपने बच्चों को आप के भरोसे छोड़ते हैं, उस भरोसे में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खास तौर पर कहा कि बच्चों के भोजन में कोई कमी नहीं रखें। उन्होंने कहा कि अगर आप बच्चों के निवाले में कोई कमी रखते हैं तो ध्यान रहे कि आपको ईश्वर देख भी रहा है। उन्होंने कहा कि अभी हाल में उन्होंने खरगोन जिले के अनेक आश्रम और छात्रावासों का भ्रमण किया है, किंतु उन्होंने स्थिति संतोषजनक नहीं पाई है। भविष्य में अगर इस समझाइश के बाद भी कोई कमी दृष्टिगोचर होगी तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# इंदौर से मुंबई-बेंगलुरु के लिए विंटर शेड्यूल में नई फ्लाइट्स

## ◆ एयर इंडिया एक्सप्रेस करेगा संचालन, बुकिंग के लिए अभी करना होगा इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। टाटा ग्रुप द्वारा अधिग्रहण करने के बाद से एयर इंडिया और इसकी सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस लगातार अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं। हाल ही में एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर से मुंबई और बेंगलुरु के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार हालांकि कंपनी ने अब तक इन उड़ानों की बुकिंग शुरू नहीं की है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस अभी इंदौर से दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन कर रही है, जिनमें दुबई और शारजाह की सीधी उड़ान शामिल हैं। इसके बाद अब कंपनी अक्टूबर अंत से लागू होने वाले विंटर शेड्यूल में पहली बार इंदौर से घरेलू उड़ानों का संचालन भी शुरू करने जा रही है। कंपनी ने ई-मेल के माध्यम से इसकी जानकारी एयरपोर्ट प्रबंधन को देते हुए मंजूरी मांगी है। इसमें कहा गया है कि कंपनी 29 अक्टूबर से इंदौर से मुंबई और बेंगलुरु के लिए सीधी उड़ानों का संचालन करेगी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने इसकी मंजूरी भी दे दी है। दोनों ही उड़ानों का संचालन रोजाना होगा। उड़ानों का संचालन बोइंग-737 विमानों के साथ होगा, जिनकी क्षमता 180 यात्रियों की होगी।

### कंपनी की वेबसाइट पर अभी बुकिंग नहीं

ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि एयर इंडिया के साथ ही उसकी सहयोगी कंपनियां एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर एशिया और विस्तारा मिलकर उड़ानों के विस्तार पर काम कर रहे हैं। कंपनी विंटर शेड्यूल में नई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ाने शुरू करने की तैयारी में है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने जिन दो नई उड़ानों को शुरू करने की बात कही है, उनकी बुकिंग अभी अपनी वेबसाइट पर शुरू नहीं की है। संभवतः मंजूरी मिलने के बाद जारी होने वाले विंटर शेड्यूल के अंतर्गत इनकी बुकिंग शुरू होगी।

# तीन कॉलोनियों को नियमित करने के संबंध में आपत्तियां आमंत्रित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर की इलियास कॉलोनी, श्रीनाथ नगर तथा लेकपार्क कॉलोनियों को नियमित किये जाने की कार्यवाही चल रही है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी जूनी इंदौर द्वारा आपत्तियां आमंत्रित की गई है। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जूनी इंदौर श्री घनश्याम धनगर ने बताया कि इस संबंध में इच्छुक संस्थाएं/व्यक्ति आपत्ति होने पर आगामी 7 दिन के भीतर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी जूनी इंदौर के कलेक्टर कार्यालय स्थित कक्ष क्रमांक 204 में स्थित न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इलियास कॉलोनी एबीसीडीई (लक्ष्मण नगर गृहनिर्माण सहकारी संस्था) ग्राम खजराना के सर्वे नंबर 336/1 कुल रकबा 2.205 हेक्टेयर, श्रीनाथ नगर (श्री सांईनाथ को आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी) ग्राम पिपल्याहाना के सर्वे नंबर 316 पैकि 318/1, 318/2/1 कुल रकबा 2.356 हेक्टेयर तथा लेकपार्क कॉलोनी (ग्रीनपार्क गृह निर्माण सहकारी संस्था) ग्राम पिपलियाराव के सर्वे नंबर 8/4,9,10 कुल रकबा 1.90 एकड़ को नियमित करने की कार्यवाही प्रचलित है।

# श्री विशा नगर वणिक समाज का 84 वां वार्षिक अधिवेशन 22 अगस्त को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री विशा नगर वणिक समाज इंदौर द्वारा 24 वां वार्षिक अधिवेशन सक्षम नायिकाएं 2023 का आयोजन 20 अगस्त को कीमती गार्डन इंदौर पर आनंद एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने जा रही है।उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष शैलेश नागर सचिव डॉ निलेश नागर ने बताया कि अधिवेशन में समाजसेवी श्रीमती प्रतीक्षा प्रशांत झवेरी हैदराबाद, श्रीमती रेखा चंद्रहास सुगंधी नासिक, कैप्टन श्रीमती सोनिया नेवासकर पुणे के मुख्य अतिथि एवं समाजसेवी श्रीमती नीता अशोक नागर इंदौर की अध्यक्षता में मनाया जाएगा। इस अवसर पर अ.भा. विशा नगर समाज के संस्थापक अध्यक्ष डॉ जी. डी. नागर, अध्यक्ष प्रमोद नागर, स्वागत अध्यक्ष श्रीमती उषा कृष्णकिशोर नागर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।इस विशेष अवसर पर संस्था की नवनिर्मित पुस्तक सक्षम नायिका 2023 का विमोचन किया जाएगा।

# निर्वाचन के दौरान सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी निगरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज सोशल मीडिया के संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा बैठक लेकर आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान सोशल मीडिया में विधि विरुद्ध प्रचार-प्रसार पर कड़ी निगरानी रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को प्रसारित किए गए। इंदौर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ई गवर्नेंस विभाग, जनसंपर्क विभाग तथा निर्वाचन कार्यालय के अधिकारीगण शामिल हुए।

कटाक्ष




# भोपाल की लेडी चोर ने इंदौर में बेचा सोना

## सराफा की तीन दुकानों पर बेचा 4 लाख से ज्यादा का चोरी का सोना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की सराफा पुलिस ने भोपाल से वारदात कर इंदौर में सोना बेचने आई दो महिलाओं को पकड़ा है। आरोपी महिलाओं ने पिछले दिनों भोपाल में बड़ी चोरी की वारदात की थी। इंदौर में वह तीन दुकानों पर अपना माल ठिकाने लगा चुकी थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे धरदबोचा। दस दिन पहले ही महिलाएं जेल से छूटी है।**

एसआई चैनसिंह चौहान के मुताबिक पुलिस ने चोरी के माल के साथ रजिया पुत्री स्व. हसनू खाँ निवासी एशबाग स्टेडियम जनता क्वार्टर भोपाल ओर उसकी साथी अफरोज जनता क्वार्टर थाना एशबाग भोपाल को पकड़ा है। आरोपी महिलाओं के पास से सोने की झूमकी और बेचे गए माल के 4 लाख 20 हजार रुपये भी जब्त हुए हैं।

### 8 अगस्त को जेल से जमानत पर आई

पुलिस के मुताबिक अफरोज पर करीब चोरी के 25 मामले भोपाल के कई थानो में दर्ज हैं। वह भोपाल के एशबाग थाने की निगरानीशुदा महिला चोर है। भोपाल पुलिस के मुताबिक 8 अगस्त को ही जेल से छूटी है। इसके बाद उसने भोपाल के ही हनुमानगंज इलाके में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया था।

### तीन ज्वेलर को बेच चुकी चोरी का माल

पुलिस के मुताबिक अभी आरोपी महिलाओं से ओर पूछताछ की जाना है। वह सराफा की तीन दुकानों में चोरी का माल ठिकाने लगा चुकी थी। वह माल के बेचने के बदले अलग अलग बहाना बता रही थी। कुछ दलालों को उन पर शंका हुई। जिसके बाद पुलिस तक खबर पहुंची। इसके बाद दोनों को पूछताछ के लिये थाने लाया गया।

# मालवा-निमाड़ के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को एक माह में दी 148 करोड़ की सब्सिडी

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अटल गृह ज्योति योजना का प्रभावी क्रियान्वयन कर प्रतिमाह लाखों उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा रहा हैं। पिछले एक माह के दौरान मालवा-निमाड़ के उपभोक्ताओं को 148 करोड़ रूपए की सब्सिडी दी गई है। सबसे ज्यादा 17 करोड़ की सब्सिडी इंदौर जिले के उपभोक्ताओं को प्रदान की गई हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया ऊर्जामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार कंपनी क्षेत्र के सभी 15 जिलों में गृह ज्योति योजना का गंभीरता से क्रियान्वयन कर प्रत्येक पात्र उपभोक्ता को हितलाभ दिए जा रहे हैं। पिछले एक माह के दौरान कंपनी क्षेत्र में 28 लाख 64 हजार उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिला है। इन उपभोक्ताओं को अधिकतम 570 रूपए तक की सब्सिडी प्रत्येक बिल पर मिली है। सबसे ज्यादा सब्सिडी इंदौर जिले के उपभोक्ताओं को 17 करोड़ की प्रदान की गई है।

# एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट में वेंडर्स की हड़ताल, काम बंद किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट में काम बंद हो गया है। देवगुराड़िया स्थित प्लांट में गुरुवार दोपहर वेंडर्स ने हड़ताल कर दी। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें लंबे समय से वेतन नहीं मिल रहा है। जब तक उन्हें बकाया पूरा पैसा नहीं मिल जाता वे काम नहीं करेंगे।**




**क्या है मामला-** गुरुवार को देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में स्थापित सीएनजी संयंत्र के वेंडर्स ने अचानक काम रोक दिया। वेंडर्स ने बताया कि प्लांट में जेसीबी, पोकलेन, वाटर और मैन पॉवर सप्लाई करने वाली कॉन्ट्रेक्ट फर्मों का करोड़ों रुपया लंबे समय से अटका हुआ है। कामबंद कर बैठे वेंडर्स ने बताया कि ever, enviro और gps Ltd जैसी अनुबंधित एजेंसियों के द्वारा वे प्लांट को पानी, कर्मचारी, टैंकर, जेसीबी और पोकलेन मशीनों की सेवाएं देते आ रहे हैं। एजेंसियों का करोड़ों रुपया बकाया होने की वजह से वे वेंडर्स को भी भुगतान नहीं कर रही हैं। हालत यह है कि ये एजेंसियां लाखों की जीएसटी भी नहीं भर पा रही हैं। मजबूरन गुरुवार को सभी वेंडर्स ने अपने कर्मचारियों के साथ काम बंद कर दिया।

### दुनियाभर की टीमें यहां पर विजिट के लिए आती हैं

देवगुराड़िया स्थित यह बायो सीएनजी प्लांट एशिया का सबसे बड़ा प्लांट है। यहां पर 14 लाख रु की 14 टन बायो सीएनजी बनाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शुभारंभ किया था। दुनियाभर की टीमें यहां पर विजिट के लिए आती हैं और सीखती हैं कि किस तरह से बायो सीएनजी बनाई जा रही है।

## सशक्त लाड़ली सेना ही सशक्त समाज का निर्माण करेंगी

**इंदौर।** लाड़ली बहना सेना को सशक्त बनाने के लिये जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री रामनिवास बुधौलिया ने कहा कि सशक्त लाड़ली सेना ही सशक्त समाज का निर्माण करेंगी। ग्राम व वार्ड स्तर पर नव गठित सेना को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक श्री जय श्रीवास्तव, सहायक संचालक एवं डॉ. अनिता जोशी, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास थे। प्रशिक्षण के दौरान लाड़ली बहना सेना के गठन के उद्देश्य, स्वरूप, कार्य, दायित्व, सक्रिय भागीदारी पर विस्तार में प्रकाश डाला गया।



# पालकी पूजा कर रही लड़की को चोटी पकड़कर खींचा

## विडियो देख पुलिस ने एक्शन लिया; महाकाल के भक्तों को धक्का देने वाले ने माफी मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। महाकाल की सवारी के दौरान पालकी पूजन कर रही लड़की को व्यवस्था में लगे व्यक्ति ने चोटी से पकड़कर खींचा। दूसरे भक्तों को भी धक्का देते हुए बाहर किया। सावन महीने की दूसरी सवारी (दूसरे सोमवार) की इस घटना का विडियो सामने आने के बाद महाकाल के भक्तों ने इस पर आपत्ति जताई। इसके बाद चोटी खींचने वाला सामने आया और विडियो संदेश जारी कर माफी मांगी। कहा- वो मेरी बेटी जैसी है...।

मुकेश मकवाना ने विडियो जारी कर कहा, 'मेरे द्वारा गलती हो गई हो तो माफी मांगता हूं। वो मेरी बेटी, नाती, पोती जैसी है। मैं सालों से बाबा की सेवा कर रहा हूं। सालों से सवारी में सेवा दे रहा हूं। मेरा उद्देश्य किसी को चोट या दुख पहुंचाना नहीं है। मैं पूरे देश - दुनिया से माफी मांगता हूं।'

विडियो विश्वकर्मा धर्मशाला के पास का है। मुकेश की यहीं व्यायामशाला गली में टेलर की दुकान है। वे हर बार सवारी में सेवा देते हैं। बताया जा रहा है कि विडियो सामने आने के बाद महाकाल थाना पुलिस ने भी मुकेश को थाने बुलाकर समझाइश देकर छोड़ दिया।

### पुलिस ने थाने बुलाया, समझाइश देकर छोड़ा

विडियो सामने आने के बाद महाकाल थाना पुलिस ने मुकेश को बुधवार को थाने बुलाया। महाकाल थाने के टीआई अजय वर्मा ने बताया कि 107/16 (शांतिभंग की आशंका) में कार्रवाई की है। समझाइश दी कि वे भविष्य में इस तरह की गलती न करें। पालकी यात्रा पूरे विश्व में देखी जाती है। हर नागरिक से अपील है कि इसे बहुत श्रद्धा और निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएं। कार्रवाई से लोग सीख लेंगे और भविष्य में अच्छा आचरण करेंगे।

### विडियो सामने आने के बाद से भक्तों में था गुस्सा

महाकाल लोक बनने के बाद से बड़ी संख्या में भक्त बाबा महाकाल के दर्शन के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। श्रावण माह की दूसरी सवारी में भी भक्तों की भारी भीड़ थी। श्कऊएड इसी दौरान विश्वकर्मा धर्मशाला का है। महाकाल की सवारी में पालकी का पूजन करने आई महिला को मुकेश धक्का देकर बाहर करते हैं, फिर एक युवक को शर्ट पकड़कर खींचते और धक्का देते हैं। इसके बाद लड़की को चोटी से पकड़कर धकेल देते हैं। सामने आने के बाद भक्तों में गुस्सा दिखाई दिया। सोशल मीडिया पर बाबा के भक्तों से इस तरह के व्यवहार करने को लेकर कई लोग ट्रोल करने लगे। विवाद बड़ा तो मुकेश ने माफी मांगी।

### तीसरी सवारी के दौरान पुजारी ने श्रद्धालु को पीटा था, एसपी ने मांगी थी माफी

इससे पहले भी महाकाल मंदिर के पुजारी का इसी तरह का विडियो सामने आया था। तीसरी सवारी के दौरान मंदिर के पुजारी ने एक श्रद्धालु धकेलते हुए पीटा था। इसको लेकर भक्तों में रोष था। उज्जैन एसपी सचिन शर्मा को माफी मांगना पड़ी थी।

# झोलाछाप ने महिला का पेट खोला, आंतें बाहर आईं, मौत

◆ बहू को घर से बाहर भेजा, ऑपरेशन के दौरान मौत हुई तो कैंची-ब्लेड छोड़कर भागा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मऊगंज। मऊगंज जिले में झोलाछाप ने महिला का पेट खोल दिया। गर्भाशय से आंतें बाहर आने के कारण उसकी मौत हो गई। वह महिला के घर पर ही उसके पेट का ऑपरेशन कर रहा था। इस दौरान महिला की मौत हो गई तो आरोपी कैंची-ब्लेड वहीं छोड़कर भाग गया। गुरुवार को पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

मामला हनुमना थाना इलाके के उकसा कोठार गांव का है। पुलिस के मुताबिक आरोपी तीन दिन से बुजुर्ग महिला का इलाज कर रहा था। वह 16 अगस्त की शाम को भी महिला के घर पहुंचा। उसने उसकी बहू को कमरे से बाहर कर दिया। जब महिला की सांसें रुक गईं तो उसे उसी हालत में छोड़कर भाग गया।

### बहू के अलावा घर पर और कोई नहीं था

हनुमना थाना प्रभारी उपनिरीक्षक चेतन मर्सकोले ने बताया कि दुआसिया साकेत (65) को पेट संबंधी तकलीफ थी। जिस समय आरोपी ने उनका ऑपरेशन किया, तब घर पर बहू ही थी। महिला की बहू की सूचना पर पुलिस पहुंची। मामले को संदिग्ध मानते हुए सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट के प्रभारी डॉ. आरपी शुक्ला टीम के साथ पहुंचे। एसडीओपी मऊगंज इंद्राज सिंह ने निरीक्षण किया।

### घर के बाकी लोग बाहर गए हुए थे...

ग्रामीणों ने बताया कि घर में सास और बहू ही रहती थीं। बाकी लोग मजदूरी करने बाहर चले गए थे। घटनास्थल के पास खाट पर मृतका के शरीर से आंतें बाहर निकली हुई थी। चादर खून से लथपथ मिली।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे

हनुमना थाना प्रभारी उपनिरीक्षक चेतन मर्सकोले के मुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही आरोपी पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## केबीसी में हॉट सीट पर बैठेंगे भोपाल के बैंक अफसर

**भोपाल**। टेलीविजन के पॉपुलर रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (ङइउ) में बॉलीवुड स्टार अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर भोपाल के राहुल नेमा बैठे नजर आएंगे। यह शो गुरुवार और शुक्रवार को सोनी टीवी पर टेलीकास्ट होगा। राहुल यहां सरकारी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर हैं। उनकी हाइट 3 फीट से भी कम है। सोनी टीवी पर शो का प्रोमो भी दिखाया जा रहा है। प्रोमो में एक्टर अमिताभ बच्चन भी 31 साल के राहुल की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। राहुल को अपने सामने बैठा देख बच्चन भी कह रहे हैं कि ये हमारे लिए भी सौभाग्य की बात है। राहुल शुक्रवार और शनिवार को शो में नजर आएंगे। उन्होंने कितनी राशि जीती, वह शो में ही पता चल सकेगा। प्रोमो में राहुल केबीसी की हॉट सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं। राहुल कहते नजर आ रहे हैं कि डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। वैसे ही, राहुल को रोकना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है।

# महिला को बाल पकड़कर घसीटा

## बल प्रयोग करते हुए दिख रही हैं महिला पुलिसकर्मी, एसपी ने दिए जांच के आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी**। कटनी में एक महिला को महिला पुलिस कर्मियों का बाल पकड़कर घसीटा। वे महिला को अपने साथ ले गई। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद एसपी अभिजीत रंजन ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। जांच टीम कि रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वीडियो बहोरीबंद के कौड़िया गांव का बताया जा रहा है। बिजली का खंभा लगाने के दौरान विवाद की स्थिति बनी थी, महिला और एक युवक विरोध करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसके बाद महिला पुलिस कर्मी विरोध कर रही महिला बालों से घसीटकर वहां से हटाने का प्रयास कर रही हैं।

एसपी अभिजीत रंजन ने बताया की सोशल मीडिया में वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। वीडियो की जांच कराई जा रही है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि तत्कालीन बहोरीबंद थाना प्रभारी अर्चना जाट हैं। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी ट्रांसफर हो गया है। वीडियो की जांच की जा रही है। बल प्रयोग किन परिस्थितियों में किया गया है। पुलिस प्रशासन की क्या स्थिति थी, पुलिस प्रशासन जब बल प्रयोग कर रहा था तो उसकी क्या विवशताएं थी। हर पहलू की जांच की जा रही है।

## फरार कुख्यात बदमाश रोशन पासी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। नीलगंगा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश को पुलिस ने शनिवार को रात को घर से हिरासत में लिया था,लेकिन वो पुलिस को चकमा देकर भाग गया था। पुलिस बदमाश की तलाश में जुटी थी। गुरूवार को एक बार फिर वह पुलिस के हाथ लग गया। पुलिस ने उसके घर से हथियार भी बरामद किए है। थाना नीलगंगा क्षेत्र का कुख्यात बदमाश रोशन पासी को शनिवार की देर रात को पुलिस ने मारपीट के मामले में हिरासत में लिया था। रात में बदमाश रोशन पासी पुलिसकर्मियों को धक्का देकर भाग निकला था। इसके बाद से पुलिस उसको तलाश कर रही थी। गुरूवार को रोशन पासी पुलिस को मुखबीर की सूचना पर हिरासत में लिया गया। पुलिस उसे उसके घर तक लेकर गई जहां से कुछ हथियार भी जप्त किए गए। हालांकि गत दिवस ही रोशन पासी के परिवार ने प्रेस वार्ता में कहा था कि पुलिस ने रोशन पासी को पकड़ लिया है,लेकिन उसके संबंध में जानकारी नहीं दी जा रही है और न ही न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



# संपादकीय

## कानूनों में परिवर्तन

भारतीय दंड संहिता, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, मूलत: 1878 में पारित दंड प्रक्रिया संहिता की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा इंडियन एविडेंस ऐक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 नामक तीन विधेयक लाए गए। आधुनिक समाज की जरूरतों के पैमाने पर ये कानून पुराने पड़ चुके थे। नई परिस्थितियों में नए तरह के अपराध हो रहे हैं। अपराधियों के काम करने के तरीकों में अंतर आया है। उनसे निपटने के लिए कानून तथा साक्ष्य इकट्ठा करने के नए तरीके अपनाना जरूरी था। समय-समय पर नए कानूनों के पैबंदों के जरिये उनमें मरम्मत भी की जाती रही, जो नाकाफी रही। कई बार इन कानूनों में परिवर्तन के सुझाव भी आए। वर्ष 1971 में विधि आयोग की 42वीं रिपोर्ट में इस तरह के व्यापक बदलाव का सुझाव दिया गया। उस पर अमल करने के लिए 1972 तथा 1978 में सरकार की ओर से विधेयक भी लाया गया। किंतु दोनों बार लोकसभा भंग हो जाने के कारण व्यपगत हो गया था। वर्ष 2003 में मलिमथ कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में व्यापक सुधारों का सुझाव दिया था। प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता में मौजूदा भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं की जगह सिर्फ 356 धाराएं होंगी। अप्रासंगिक हो चुकीं 22 धाराएं निरस्त कर दी गई हैं। पुरानी 175 धाराओं में कुछ संशोधन कर उन्हें शामिल कर लिया गया है तथा आठ नई धाराएं जोड़ी गई हैं। अदालत की कार्यवाही के दौरान आधुनिक तकनीक को स्थान देने के लिए पुरानी दंड प्रक्रिया संहिता की 478 धाराओं की जगह अब 511 धाराएं होंगी। उनमें 160 धाराओं में संशोधन किया गया है, नौ नई जोड़ी गई हैं तथा 22 निरस्त की गई हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में पहले 167 धाराएं थीं, जिनकी जगह अब 170 धाराएं होंगी। इसमें 23 धाराओं में संशोधन किया गया है तथा पांच निरस्त की गई हैं। वर्ष 1860 में जब भारतीय दंड संहिता तैयार की गई थी, तब वह दुनिया की सबसे पहले लिपिबद्ध की गई दंड संहिता थी। उस समय तक के तमाम अदालती अनुभवों का संहिताकरण कर दिया गया था, किंतु उसमें व्यापक परिवर्तनों की जरूरत थी। राजद्रोह से जुड़े प्रावधान पर लगातार सवाल उठ रहे थे। ब्रिटेन, अमेरिका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और स्कॉटलैंड जैसे देशों ने उसके पुराने स्वरूप को हटा दिया। उसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि वह न्याय की आधुनिक अवधारणा के अनुरूप नहीं हैं। अपराध के लिए किसी आशय का होना जरूरी होता है, किंतु भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए में राजद्रोह के अपराध के लिए आशय की जरूरत नहीं है। यदि अदालत में साबित कर दिया जाए कि किसी के शब्दों, संकेतों एवं अभिव्यक्ति के दूसरे साधनों द्वारा विधि द्वारा स्थापित सरकार के प्रति घृणा या अवमानना की गई या उसका प्रयास किया गया, तो उसे राजद्रोह का दोषी ठहराया जा सकता है। प्रस्तावित विधेयक में इसकी जगह धारा 150 में इसका बेहतर और संशोधित स्वरूप लाया गया है। इसमें कहा गया है कि जब कोई व्यक्ति जान-बूझकर या उद्देश्यपूर्वक अपने शब्दों या अन्य माध्यमों से संप्रभुता या अखंडता को खतरे में डालता है या सशस्त्र विद्रोह को उकसाता है या उसका प्रयास करता है, तो वह इस धारा के अधीन दोषी होगा। पिछले कुछ दशकों में अलग तरह के अपराधों में भी वृद्धि हुई है, जो परिभाषित नहीं हैं। जैसे, पहचान छिपाकर यौन संबंध बनाने, नफरती भाषण देने और चेन स्नैचिंग जैसे अपराधों के मामलों में कानूनी उपबंध नाकाफी साबित हो रहे थे। प्रस्तावित कानून में इनके लिए अलग उपबंध हैं और सजा की व्यवस्था है। नाबालिग बच्चों से दुष्कर्म की घटनाओं पर मृत्युदंड तक का प्रावधान है। मॉब लिंचिंग के अपराध को केवल धार्मिक उन्माद से होने वाली हिंसा तक सीमित न कर व्यापक रूप दिया गया है। जब पांच या अधिक व्यक्ति नस्ल, समूह, समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, निज विश्वास या अन्य आधार पर हत्या करता है, तो समुह का हर सदस्य हत्या का दोषी होगा, जिसमें न्यूनतम सात साल तथा अधिकतम मौत की सजा हो सकती है। इसकी परिभाषा इतनी व्यापक है कि इसमें डायन घोषित करके महिलाओं के विरुद्ध की जाने वाली हिंसा के मामलों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

**अर्ज किया है..!**

*कभी जियादा कभी कम*
*रहा है आँखों में*
*लहू का सिलसिला पैहम*
*रहा है आँखों में*

*- शाज़ तमकनत*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**हमारा जीवन पूरा हो इससे पूर्व बाप... कोई एक सूत्र चाहिए ...जीवन का कोई एक सूत्र ...एक विचार हम पकड़ लें ...जैसे कई लोग कहते हैं हम सेवा में ही मानते हैं ...हम भजन नहीं करते... हम लोग सेवा... देश सेवा ...समाज सेवा... बहुत अच्छी बात है... हम ना प्रार्थना करते हैं... ना जप तप करते हैं... सेवा हमारा सूत्र है ... लेकिन मुझे कभी-कभी लगता है कि परमात्मा के स्मरण के बिना... भगवान के भजन के बिना की गई सेवा भी... हम ना चाहते हो... हमें पता ना चले ऐसे हमें अभिमानी बना सकती है ... हम माला नहीं घुमाते ...हम जप नहीं करते... हम कथा नहीं सुनते ...ऐसे कई लोग मुझे मिलते हैं... हम मंदिरों में नहीं जाते ...आप की मौज ... हम तो सेवा करते हैं... लेकिन दूसरा जो कुछ कर रहा है उसकी आलोचना तो ना करो... उसकी निंदा तो ना करो ...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

महिला जगत

# कितनी पढ़ी लिखी हैं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण?

## जानिए उनके जीवन से जुड़ी रोचक बातें

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 18 अगस्त को अपना 64वां जन्मदिन मना रही हैं। भारतीय राजनीति में सबसे दमदार महिला राजनीतिज्ञों में निर्मला सीतारमण का नाम शुमार है। सीतारमण मोदी सरकार में पहली पूर्णकालिक वित्त मंत्री हैं। इसके पहले वह एनडीए सरकार में रक्षा मंत्री के पद पर भी आसीन रह चुकी हैं।

बजट सत्र के दौरान जब वित्त मंत्री सीतारमण संसद में बजट पेश करती हैं तो हर किसी की नजर उनपर ही रहती है। वहीं इस दौरान हर महिला गर्व महसूस करती है कि एक नारी, जो परिवार संभालने के लिए मितव्ययिता का उपयोग करती है, वह देश की अर्थव्यवस्था को भी उसी मितव्ययिता के जरिए संभाल रही हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जन्मदिन के मौके पर उनके पारिवारिक जीवन, शिक्षा और राजनीतिक करियर के बारे में जानिए। कैसे एक महिला केंद्र सरकार के सबसे दमदार पद तक पहुंच गईं, उनके जीवन से जुड़ी रोचक बातें इस लेख में दी जा रही हैं।



### ◆ निर्मला सीतारमण का जीवन परिचय और शिक्षा

निर्मला सीतारमण का जन्म तमिलनाडु के मदुरै में 18 अगस्त 1959 को एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। सीतारमण के पिता का नाम नारायण सीतारमण और माता सावित्री देवी है। बचपन से ही पढ़ाई में होशियार निर्मला ने तिरुचिरापल्ली के सीतालक्ष्मी कॉलेज से बीए की डिग्री हासिल की। बाद में 1980 में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में परास्नातक की पढ़ाई की। फिर एमफिल की डिग्री प्राप्त की।

### ◆ निर्मला सीतारमण ने किया प्रेम विवाह

जेएनयू से एमफिल की पढ़ाई करने के दौरान उन्हें अपने सहपाठी पराकला प्रभाकर से प्यार हो गया। दोनों ने शादी कर ली और लंदन शिफ्ट हो गए। 1991 में पहली संतान के जन्म से पहले निर्मला पति संग स्वदेश लौट आईं और हैदराबाद में बस गईं।

### ◆ सीतारमण का शुरुआती करियर

शिक्षा हासिल करने के बाद निर्मला सीतारमण ने अपने करियर की शुरुआत प्राइस टपर हाउस कूपर में सीनियर मैनेजर का पदभार संभालकर की। फिर बीबीसी वर्ल्ड सर्विस में भी कार्य किया। हैदराबाद के प्रणव स्कूल के संस्थापकों में से एक बनीं और नेशनल कमीशन आफ वीमेन की सदस्य भी रहीं।

### ◆ निर्मला सीतारमण का राजनीतिक करियर

शुरू से ही उन्हें राजनीति में रूचि थी। वर्ष 2000 के दौरान उनके पति भारतीय जनता पार्टी के आंध्र प्रदेश यूनिट के प्रवक्ता रहे। इस दौरान उनकी राजनीति में समझ बढ़ी। 2006 में सीतारमण ने भी भाजपा ज्वाइन कर ली। लेकिन अगले ही वर्ष उनके पति परकाला प्रभाकर फिल्म स्टार चिरंजीवी की पार्टी में शामिल हो गए। हालांकि निर्मला सीतारमण भाजपा से जुड़ी रहीं और उस दौर में पार्टी के 6 प्रवक्ताओं के बीच उन्हें जगह मिली। 2010 में पार्टी की प्रवक्ता बनीं। कई बार टीवी डिबेट के जरिए वह चर्चा में बनी रहती हैं।

### ◆ सीतारमण की उपलब्धि

साल 2014 लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी भूमिका अहम रही। 2016 में स्वतंत्र चार्ज के तहत निर्मला सीतारमण को मिनिस्टर ऑफ स्टेट का पद मिला। एनडीए सरकार बनने पर उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया। 2017 में उन्होंने रक्षा मंत्री के पद के लिए शपथ ग्रहण की। वह पूर्ण सामायिक महिला रक्षामंत्री बनीं। वहीं 2019 में वित्त मंत्री का पद सौंपा गया। इंदिरा गांधी के बाद निर्मला सीतारमण दूसरी महिला रक्षा मंत्री और पहली पूर्णकालिक महिला रक्षा मंत्री बनी थीं।

## Highlights

1. *Why jail term being reduced selectively?: SC on release of Bilkis Bano rape convicts*
2. *6,630 cameras installed in vulnerable areas: Delhi Police tells HC*
3. *Morphed porn pics sent to victims by Chinese loan app, India head arrested*
4. *Woman refuses frisking at B'luru airport, attacks CISF official*
5. *Spring-loaded fans installed in hostels amid students' suicides in Kota*
6. *11 girls hospitalised after pepper spray used on them inside classroom in Goa*

# RBI unveils UDGAM portal to track unclaimed deposits. How to check status?

**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India on Thursday unveiled a centralised web portal to faciilitate the tracking of unclaimed deposits across multiple banks at one place. The central bank announced the launch of UDGAM (Unclaimed Deposits – Gateway to Access inforMation) as part of its statement on Development and Regulatory Policies.

The RBI said it had been carrying out public awareness campaigns from time to time to sensitise the people on the increasing trend in the amount of unclaimed deposits. The top bank said it has been encouraging the people to identify and approach their respective banks to claim unclaimed deposits.

"The launch of the web portal will aid users to identify their unclaimed deposits/ accounts and enable them to either claim the deposit amount or make their deposit accounts operative at their respective banks", the RBI statement read.



The UDGAM portal has been developed by a collaborative effort of Reserve Bank Information Technology Pvt Ltd (ReBIT), Indian Financial Technology & Allied Services (IFTAS) and participating banks.

To begin with, users would be able to access the details of their unclaimed deposits in respect of seven banks presently available on the portal. The search facility for remaining banks on the portal would be made available in a phased manner by October 15, 2023.

The seven listed banks are:

1. State Bank of India
2. Punjab National Bank
3. Central Bank of India
4. Dhanlaxmi Bank Ltd.
5. South Indian Bank Ltd.
6. DBS Bank India Ltd.
7. Citibank N.A.

You can log on to UDGAM portal by clicking here. You need to register yourself on the portal. Here's how you can search for your unclaimed deposits on the portal.

1. Login to your account using your mobile number and a password. An OTP will be sent to your registered mobile number.

# Digital economy to add over 20% of GDP by 2026 : Rajeev Chandrasekhar

**NEW DEIHI, (Agency).** Union Minister of State for Electronics and Information Technology Rajeev Chandrasekhar on Thursday forecast that the digital economy will contribute more than 20 per cent of the country's GDP in 2026. Addressing the 'G20 Digital Innovation Alliance Summit' here, he said India is a preeminent nation that adopted technology very fast and has started offering solutions to the world.



"The digital economy has gone from 4-4.5 per cent in 2014 of the total GDP to 11 per cent of the total GDP today. And we expect the digital economy to contribute over 20 per cent of our GDP by 2026," Chandrasekhar said. According to him, India adopted technology not just for innovation in a broader sense, but to deliver real solutions that have transformed people's lives, governance and democracy in the last few years.

Jammu & Kashmir

# डॉक्टर नहीं कह सकते कि रेप हुआ या नहीं, यह कोर्ट का काम 1 साल की बच्ची के बलात्कार मामले में बोला HC

**श्रीनगर, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने हाल ही में एक साल की पोती के बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति सजा को बरकरार रखा। साथ ही देश में महिलाओं की स्थिति पर भी चिंता जाहिर कर दी। कोर्ट का कहना है कि साल 2012 में हुए 'निर्भया कांड' के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। कोर्ट ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध और खासतौर से बलात्कार के मामले बढ़ रहे हैं।

मामले की सुनवाई जस्टिस संजय धर और जस्टिस राजेश सेखरी की बेंच कर रही थी। इस मामले में कोर्ट ने कहा, 'मेरे शरीर में यह जानकर सिहरन दौड़ जाती है कि एक दादा ने अपनी वासना शांत करने के लिए एक साल की पोती के साथ दुष्कर्म किया।' मामला साल 2011 का है। दरअसल, बोध राज नाम के शख्स की तरफ से अपील दायर की गई थी, जिसमें 2013 में



उसे ट्रायल कोर्ट की तरफ से सजा दी गई थी। राज पर आरोप हैं कि वह उस कमरे से भागा था, जहां एक वर्षीय बच्ची खून में सनी हुई रोते हुए पाई गई थी। मेडिकल जांच के दौरान डॉक्टर ने कहा था कि बच्ची का हाइमन फट गया है और उसके गुप्तांगों पर चोटें हैं। डॉक्टर का कहना था कि यह यौन हिंसा का मामला हो सकता है, लेकिन अन्य आशंकाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता। राज का कहना था कि पुरानी रंजिश के चलते शिकायतकर्ता की ओर से उसे फंसाया गया था। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया। सुनवाई में स्टार विटनेस की ओर से घटना की ठोस जानकारी कोर्ट को दी गई थी। कोर्ट ने अपील खारिज कर दी और कहा, 'अपीलकर्ता की तरफ से किया गया अपराध भयानक है, जिसके बारे में सामान्य इंसान कभी सोच भी नहीं सकता।' सुनवाई को दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि पीड़ित के गुप्तांगों पर चोट के निशान और वीर्य के धब्बे नहीं होने पर भी बलात्कार का अपराध स्थापित किया जा सकता है।

Haryana

## क्रेडिट कार्ड बनवाने या लिमिट बढ़वाने का लालच देकर करते थे ठगी, फरीदाबाद में असिस्टेंट बैंक मैनेजर समेत 8 गिरफ्तार

**फरीदाबाद, (एजेंसी)** हर रोज ऑनलाइन ठगी के अलग अलग मामले सुनने को मिलते हैं. अब क्रेडिट कार्ड बनवाने या उसकी लिमिट बढ़वाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है. फरीदाबाद पुलिस ने एक ऐसे ही गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो क्रेडिट कार्ड जारी करने या उनकी लिमिट बढ़ाने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करता था. पुलिस ने गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है. इनमें एक निजी बैंक का सहायक प्रबंधक और एक बैंक का कर्मचारी भी शामिल है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 मोबाइल, दो डेबिट कार्ड, फर्जी दस्तावेजों से खरीदे गए चार सिम कार्ड और 44,000 रुपये नकद बरामद किए हैं. फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक, तुषार उर्फ गोल्डी, अक्षय, विनय उर्फ जोनी, रूपक, कुणाल, मनीष और रवीश कुमार के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक, रवीश कुमार असिस्टेंट बैंक मैनेजर है और नोएडा का रहने वाला है. जबकि अन्य आरोपी दिल्ली में रहते हैं. वहीं, कुणाल प्राइवेट बैंक का कर्मचारी है. पुलिस ने बताया कि अक्षय गैंग का सरगना है. वह दिल्ली में अपना कॉल सेंटर चलाता है.

Uttarpradesh

## लखनऊ में लिव-इन पार्टनर ने कर दी युवती की हत्या, सीने और सिर में मारी गोली

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एक युवती को उसके लिव-इन पार्टनर ने गोली मार दी. इससे युवती की मौत हो गई. हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया. पुलिस का कहना है कि युवती तलाकशुदा थी. वह आरोपी के साथ लिव-इन में कई महीने से रह रही थी. फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, रिया नाम की तलाकशुदा युवती पैराडाइज क्रिस्टल अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 203 में रहती थी. उसे ऋषभ नाम के युवक ने गोली मार दी. लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के स्थित पैराडाइज अपार्टमेंट के सी ब्लॉक में ऋषभ सिंह भदौरिया रिया गुप्ता नाम की युवती के साथ रहता था. रिया गोमतीनगर की रहने वाली थी.

Jharkhand

## रांची में कुएं का हिस्सा धंसा पांच की मौत, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

**रांची, (एजेंसी) झारखंड के रांची जिले के एक गांव में गुरुवार को कुएं का एक हिस्सा धंसने से पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में कुछ अन्य के मलबे में दबने की आशंका है। यह घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 70 किलोमीटर दूर पिस्का गांव में हुई।**

रांची एसपी (ग्रामीण) एचबी जामा ने बताया कि बचाव अभियान चलाने के लिए एनडीआरएफ की एक टीम को बुलाया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के एक अधिकारी ने कहा कि कुएं के अंदर फंसे लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। एसपी (ग्रामीण) एचबी जामा ने कहा कि यह घटना दोपहर में हुई जब एक जानवर कुएं में गिर गया। उसे बचाने की कोशिश में नौ लोग कुएं के अंदर गए। इसके बाद कुएं का एक हिस्सा धंस गया।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह पिस्का गांव में पांच लोगों की मौत की दुखद खबर से दुखी हैं। भगवान दिवंगत आत्माओं को शांति दें और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को मुश्किल समय में दुख को सहन करने की शक्ति दें।

खेल

## एक स्थान के लिए दो स्पिनरों में भिड़ंत, कुलदीप की जगह पक्की; चहल-अक्षर में से किसी का पत्ता कटना तय

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चार साल पहले ऐतिहासिक ऑस्ट्रेलिया दौरा खत्म होने के बाद तत्कालीन कोच रवि शास्त्री ने कहा था कि कुलदीप यादव हमारे विदेश में नंबर एक स्पिनर होंगे। उसके बाद कुछ ऐसा हुआ कि कानपुर का यह स्पिनर टीम प्रबंधन की योजनाओं का ही हिस्सा नहीं रह गया, लेकिन हार नहीं मानने के जज्बे और जबरदस्त धैर्य ने कुलदीप को पांच अक्तूबर से होने वाले वनडे विश्व कप के लिए टीम इंडिया के स्पिनरों की दौड़ में सबसे आगे निकाल दिया है। घुटने की सर्जरी के बाद कुलदीप ने जबरदस्त वापसी करते हुए बीते एक साल में 18 वनडे मैचों में 32 विकेट लिए हैं। उनका यह प्रदर्शन विश्वकप की टीम में शामिल होने के दावेदार अन्य स्पिनरों रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल से बेहतर है।



वेस्टइंडीज दौरे पर कुलदीप यादव ने अपने प्रदर्शन से दिखाया कि वह विश्व कप की टीम में शामिल होने के न सिर्फ मजबूत दावेदार हैं बल्कि वह टीम के मुख्य स्पिनर की भूमिका भी निभा सकते हैं। वेस्टइंडीज दौरे पर उन्होंने सिर्फ वनडे में ही नहीं बल्कि टी-20 में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चार टी-20 मैचों में 92 रन देकर छह विकेट लिए, जबकि तीन वनडे में उन्होंने 61 रन देकर सात विकेट लिए। इस दौरे पर न सिर्फ उन्होंने विकेट लिए बल्कि उन पर रन बनाना भी आसान नहीं रहा।

कुलदीप की सितंबर, 2021 में घुटने की सर्जरी हुई थी। फिटनेस हासिल करने के बाद वह अगले वर्ष श्रीलंका दौरे पर गए, लेकिन अगस्त, 2022 में हुए जिम्बाब्वे दौरे से उन्होंने लगातार वनडे टीम में जगह बनाकर रखी। इस दौरे के बाद से उन्होंने 18 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 20.62 की औसत से 32 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 18 रन देकर चार और वेस्टइंडीज दौरे पर छह रन देकर चार विकेट लिए। इन दोनों ही मैचों में वह मैन ऑफ द मैच बनें। कुलदीप ने अपने वनडे करियर में 84 मैचों में 141 विकेट लिए हैं।

टीम में शामिल होने के दावेदार दूसरे स्पिनरों के बीते एक साल में किए गए प्रदर्शन की बात की जाए तो युजवेंद्र चहल ने 12 जुलाई, 2022 से अब तक 11 वनडे खेले हैं, जिसमें उन्होंने 24.05 की औसत से 17 विकेट लिए। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों में नहीं खेले। उन्होंने अपना अंतिम वनडे इस साल 24 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था, जिसमें उन्होंने 43 रन देकर दो विकेट लिए थे। उन्होंने 72 मैचों में 27.13 की औसत से 121 विकेट लिए हैं।

रवींद्र जडेजा बीते एक साल में सिर्फ सात वनडे खेले हैं, जिसमें उन्होंने 34.66 की औसत से 6 विकेट लिए हैं। जडेजा ने 177 वनडे में 37.27 की औसत से 194 विकेट लिए हैं। अक्षर पटेल ने बीते एक वर्ष में 11 मैचों में 26.90 की औसत से 11 विकेट लिए हैं।

सिनेमा

## अक्षय कुमार ने OMG 2 के लिए क्या करोड़ों रुपये ली फीस? प्रोड्यूसर ने जो बताया जानकर हो जाएंगे हैरान



अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी 2 को रिलीज हुए आज 1 हफ्ता हो गया है। फिल्म को लेकर उम्मीद थी कि इस हफ्ते 100 करोड़ कमा लगी, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने अब तक 84.72 करोड़ रुपये ही कमाए हैं। इस वीकेंड पर फिल्म के 100 करोड़ पूरे होने का अनुमान है। अगर ऐसा होता है तो यह अक्षय की 17वी फिल्म हो जाएगी जो 100 करोड़ के कल्ब में शामिल होगी। जबसे फिल्म रिलीज के लिए तैयार हुई थी तभी से फिल्म के बजट और अक्षय की फीस को लेकर काफी खबरें आ रही थीं। अब ओएमजी 2 के प्रोड्यूसर अजीत ने सच बताया है। अजीत ने पिंकविला से बात करते हुए कहा, फिल्म के बजट और अक्षय की फीस को लेकर काफी गलत अपडेट्स दिए जा रहे हैं। अक्षय ने फीस के नाम पर एक रुपया भी नहीं लिया। इतना ही नहीं उन्होंने आर्थिक रूप और क्रिएटिव रिस्क को लेकर हमारापूरा सपोर्ट किया। फिल्म ओएमजी1, स्पेशल 26 और टॉयलेट एक प्रेम कथा से ही हमारी एक अंडरस्टैंडिंग है। उनके बिना इतना बड़ा रिस्क लेना मेरे लिए मुमकिन नहीं था। उन्होंने ना सिर्फ क्रिएटिव तरीके से बल्कि आर्थिक रूप से भी मेरी मदद की है। वैसे बता दें कि इससे पहले तक कहा जा रहा था कि अक्षय ने इस फिल्म के लिए 35 करोड़ रुपये लिए हैं। खैर इस खबर को पढ़कर अक्षय के फैंस जरूर खुश होंगे कि इतने अच्छे सब्जेक्ट पर फिल्म बनाते हुए भी अक्षय ने एक भी रुपये नहीं लिए जबकि वह बॉलीवुड के टॉप स्टार हैं।

# बच्चों के विवाद में दो पक्ष हुए आमने-सामने, पथराव

## बीजेपी पार्षद ने संभाला मोर्चा, महिलाओं सहित आधा दर्जन पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में बच्चों के विवाद में दो वर्ग के लोग आमने सामने हो गए। घटना के बाद पथराव की सूचना पर बीजेपी पार्षद यहां पहुंचे। पथराव के दौरान एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। रात में पुलिस ने पथराव, मारपीट सहित कई धाराओं में महिला सहित अन्य लोगों पर केस दर्ज किया है।**

टीआई नीरम मेंढा के मुताबिक विवाद शीतल डेयरी के पास पवनपुरी कॉलोनी में हुआ। यहां लक्की खेड़े की शिकायत पर महिवाल उर्फ अरशद, आफताब शेख और माहिवाल की घर की महिलाओं के खिलाफ पत्थरबाजी करने, मारपीट करने और अवैध हथियार दिखाकर धमकाने के मामले में केस दर्ज किया गया है। इस मारपीट के दौरान एक महिला को चोट भी आई है। जिसे उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया।

बताया जाता है कि यहां बच्चों के बीच पहले से विवाद चला आ रहा है। गुरुवार रात दो वर्ग इस मामले में आमने सामने हो गए। इस दौरान समझाने के दौरान माहिवाल और आफताब ने मारपीट की। जब दूसरे वर्ग के लोग बचाव में पहुंचे तो महिलाओं ने उन पर पत्थर फेंके। सूचना के बाद यहां आजाद नगर के साथ संयोगितागंज थाने का फोर्स पहुंचा।

जहां दोनों वर्ग के लोगों को हल्का बल प्रयोग कर हटाया गया। सूचना के बाद यहां बीजेपी नेता मनीष शर्मा मामा पहुंचे। उन्होंने थाने जाकर पुलिस पर पथराव करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। देर रात इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज कर लिया।

# मैकेनिक ने पारिवारिक विवाद में लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया इलाके में रहने वाले एक मैकेनिक ने सुसाइड कर लिया। उन्होंने अपने घर के उपर कमरे में फांसी लगा ली। रिश्तेदार उन्हें अस्पताल लेकर पहुंच। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर दंपती में कहासुनी हुई थी।**

लसूडिया पुलिस के मुताबिक शैलेन्द्र पुत्र गंगाराम चौहान निवासी स्कीम नंबर 78 ने अपने घर में फांसी लगा ली। गुरुवार देर शाम परिवार के लोग उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। शैलेन्द्र पेशे से मैकेनिक था। देवास नाके पर दोस्त के साथ गैरेज चलाता है। पुलिस के मुताबिक शैलेन्द्र के पिता गंगाराम रिटायर्ड टीचर हैं। वह एक बड़ा भाई इंदौर से बाहर रहता है। शैलेन्द्र अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ रहता था। शैलेंद्र का एक चार साल का बेटा भी है। बताया जाता है कि शैलेन्द्र का परिवार में किसी बात को लेकर बात हुई थी। इसके बाद कमरे में जाकर उसने यह कदम उठा लिया। शुक्रवार को उनका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## धोखाधड़ी के आरोपियों को मुंबई ले गई पुलिस

इंदौर। करोड़ों रुपये के धोखाधड़ी के दो आरोपित तरुण सचदेवा और सतपाल सिंह को मुंबई पुलिस ले गई। आरोपितों को इंदौर की कोतवाली पुलिस ने खातीपुरा स्थित बैंक आफ महाराष्ट्र से नौ लाख 50 हजार रुपये निकालते हुए पकड़ा था। टीआइ देवेंद्र कुशवाह के मुताबिक, आरोपितों ने दिल्ली के दो आरोपित आशीष और साथी का नाम कुबूला है। उनके इशारे पर ही इंदौर में चार फर्जी खाते खुलवाए थे, जिसमें लोगों से ठगे रुपये जमा होते थे।

# जस्ट डायल से डेटा खरीदकर धोखेबाजों को बेचने वाला पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने साइबर अपराधियों की गैंग के सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपित धोखाधड़ी के लिए गैंग के मुखिया को ग्राहकों का डेटा मुहैया करवाता था। आरोपित ने जस्ट डायल से डेटा खरीदना स्वीकारा है।**

डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के मुताबिक, पुलिस ने इस मामले में रितेश कुमार निवासी पश्चिम दिल्ली, कुणाल मिश्रा निवासी वेस्ट दिल्ली और जितेंद्र शौकीन को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के आधार पर बुधवार को आरोपित अशोक सिंह निवासी कोटला विहार नांगलोई दिल्ली को गिरफ्तार किया। अशोक सिंह ने बताया कि वह जस्ट डायल में काम करने वाले युवक-युवतियों के संपर्क में था। उनसे ग्राहकों का डेटा खरीदकर जितेंद्र उर्फ नोंटी और कुणाल को बेच देता था। एडीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, आरोपित को रिमांड पर लिया गया है।

## बैंक की हूबहू वेबसाइट बनाकर लाखों ठगे

एडीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, आरोपितों के खिलाफ रितेश हिरवे और जितेंद्र द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी। आरोपित आरबीएल बैंक क्रेडिट कार्ड विभाग की लिंक लोगों को भेजते थे। ग्राहक लिंक पर क्लिक करता तो उसे क्रेडिट कार्ड रिवार्ड पाइंट का झांसा देते और कार्ड के ओटीपी, सीवीवी नंबर आदि लेकर खातों से रुपये निकाल लेते थे। आरोपितों द्वारा बैंकों की हूबहू वेबसाइट बना ली गई थी। गिरोह में वेब डिजाइनर भी शामिल है।

## ट्राले ने कुचला मौके पर मौत

**इंदौर।** लसूडिया में साइकल सवार बुजुर्ग की ट्राले से कुचलने मौके पर मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह की है। बुजुर्ग के सिर पर पगड़ी बंधी थी। जिनकी पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लसूडिया पुलिस ने ट्राले को जब्त कर लिया है। वहीं आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है।

## हत्या के आरोपियों की तलाश में राजस्थान तक पहुंची पुलिस

**इंदौर।** कनाडिया इलाके में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी दीपक सौंधिया की हत्या में शामिल चार आरोपियों की तलाश मे पुलिस राजस्थान में भी छापे मार रही है। पुलिस ने दावा किया है कि फरार आरोपियों को जल्द ही गिर तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लव मैरिज कर भोपाल में महू लौट रहे परिजनों पर कार सवार बदमाशों ने हमला किया था। हमले में दो भाई गंभीर हुए थे जिसमें से दीपक ने दम तोड़ दिया था और राजकुमार घायल है। पुलिस ने इस मामले में प्रमुख आरोपी सद्दाम खान,शोएब खान, रेहान, कुलदीप तोमर और पूजा उर्फ आरोही प्रजापत को गिर तार कर लिया था। इन पांचों की गिर तारी के बाद पुलिस के सामने चार और आरोपियों के नाम सामने आए हैं। इनकी तलाश में पुलिस प्रतापगढ,राजस्थान में भी छापे मार रही है। पुलिस मोबाइल लोकैशन के आधार पर भी आरोपियों की खोजबीन में लगी हुई है।

## 6 तस्करों से लाखों की ब्राउन शुगर जब्त

इंदौर। क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन तस्करों को गिर तार कर उनके कब्जे से करीब 6 लाख रूपए की ब्राउन शुगर बरामद की है। आरोपी आदतन बदमाश हैं। आपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ड्रग्स तस्करों की धरपकड़ कर रही है। इसके लिए विशेष इनफारमर्स की टीम को भी सक्रिय किया गया है। ऐसे ही एक मुखबिर से क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध एमआईजी कालोनी क्षेत्र के मेहता इलेक्ट्रिानिक के पीछे बेकरी वाली गली में ब्राउन शुगर बेचने के लिए आने वाले हैं। टीम ने घेराबंदी कर प्रशांत ठाकुर निवासी नरसिंह की चाल पाटनीपुरा, सुमित मिश्रा निवासी पाटनीपुरा और निखिल उर्फ सन्नी पाल निवासी पाटनीपुरा को गिर तार किया। आरोपियों को कब्जे से पुलिस ने 60 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है,इसकी कीमत 6 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी ब्राउन शुगर की पुडिया बनाकर नशेडियों को बेचते थे। इनसे पूछताछ में अन्य ड्रग्स तस्करों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# दो शातिर बदमाशों से 12 मोबाइल, 4 बाइक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विजयनगर पुलिस ने लूट के मामले में पांच और भंवरकुआ पुलिस ने दो आरोपियों को गिर तार किया है। विजयनगर पुलिस ने मोबाइल और बाइक चोरी करने वाले आरोपियों से 12 मोबाइल और 4 बाइक बरामद की है। भंवरकुआ पुलिस ने सीरीयल मोबाइल लूट की वारदात करने वाले दो आरोपियों से तीन मोबाइल बरामद किए हैं।

गर्लफ्रेंड पर खर्च करने के लिए मोबाइल लूट व बाइक चोरी की वारदात करने वाले पांच नशेडिय़ों को विजयनगर पुलिस ने बंदी बनाया है। लुटेरों के कब्जे से लूटे गए पांच मोबाइल व चार बाइक जब्त की गई है। विजयनगर टीआई रवींद्र गुर्जर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहीद पार्क के बाहर कुछ संदिग्ध बदमाश खड़े हुए हैं ये नशा कर रहे हैं। पुलिस टीम ने छापा मारकर नशा कर रहे पांच संदिग्धों की घेराबंदी की तो ये वहां से फरार होने की कोशिश में भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर इन्हें पकड़ा। इनके नाम आमिर पिता एजाज सैय्यद जल्ला कालोनी खजराना,अमने पिता एजाज नागौरी,अहमद नगर खजराना, गुड्डू पिता जलाउद्दीन पटेल,खजराना,सलमान पिता सलीम शेख खजराना और आशु उर्फ सलमान पिता अब्दुल हफीज,खजराना बताया गया है। आरोपियों ने विजयनगर, खजराना इलाके में मोबाइल लूट व बाइक चोरी करना कबूल किया। आरोपियों से 12 मोबाइल व चोरी की चार बाइक जब्त की गई है। इनसे पूछताछ की जा रही है,अन्य वारदातों का भी सुराग मिल सकता है।

## मोबाइल लूटने वाले दो बंदी

भंवरकुंआ पुलिस ने मोबाईल लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को गिर तार किया है। गिर त में आए बदमाश पैदल चलने वाले राहगीरों को अपना निशाना बनाते थे। बदमाशों ने एक ही दिन में भंवरकुंआ,आजाद नगर व तिलक नगर में मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए तीन मोबाइल बरामद कर लिए हैं। भंवरकुंआ थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि 16 अगस्त को पालदा मेन रोड पर ट्रक ड्रायवर मनोहर पिता शांतिलाल प्रजापति,मूसाखेड़ी के साथ मोबाइल लूट की घटना हो गई थी। इस पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। इस बीच पुलिस ने हुलिए के आधार पर गुल्ली उर्फ अंतिम मेहरा,न्यू इंदिरा एकता नगर व अजय ठाकुर,न्यू इंदिरा एकता नगर को दबौचा। आरोपियों ने एक ही दिन में तीन मोबाइल लूट की वारदातें कबूलीं है,तीनो वारदात के मोबाइल बरामद कर लिए गए हैं। पूछताछ में अन्य वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करें।
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करें। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करें
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।